न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– डॉ. अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 145/2026

महेन्द्र सिंह पता वीपीओ भैंसावता खुर्द तहसील बुहाना जिला झुंझुनू मो.न. 86964111 पिनकोड 333516

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 13.04.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 30.03.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 145/2026 पर दिनांक 30.03.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2026/855–856 दिनांक 30.03.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना ने पत्रांक न्याय/2026/74 दिनांक 10.04.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया अपीलार्थी के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना चाही गई थी जिस संबंध में प्रार्थी को कार्यालय के पत्रांक आरटीआई/2026/53 दिनांक 24.02.2026 के द्वारा सूचना दी जा चुकी है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बुहाना द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत सूचना चाही गई थी जिस संबंध में अपीलार्थी को उनके कार्यालय के पत्रांक आरटीआई/2026/53 दिनांक 24.02.2026 के द्वारा सूचना दी जा चुकी है। अपीलार्थी को सूचना भिजवा दी गई है। अतः अपीलार्थी का सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 13.04.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

जिला कलक्टर झुंझुनूं